## कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा, अधिकारियों को दिए निर्देश

# अवैध उत्खनन, परिवहन पर करें सख्ती से कार्यवाही: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा

कलेक्टर हरेंद्र नारायन ने मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, अपर कलेक्टर धीरेन्द्र सिंह, वनमण्डलाधिकारी सुश्री कृतिका सहित जिला प्रशासन एवं विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। जिले के सभी एसडीएम एवं विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल थे।



### कलेक्टर ने विभागों की राज्य स्तर पर रैंकिंग देखी

कलेक्टर श्री नारायन ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जिले के विभिन्न विभागों की प्रदेश स्तर पर विभागवार स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग विभागीय रैंकिंग में प्रदेश के टॉप 10 में शामिल रहने का प्रयास करें। बॉटम में शामिल विभाग विशेष प्रयास करें। प्रतिदिन जिला कंट्रोल रूम में नोडल अधिकारी को भेजकर सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का नियमित और गुणवत्ता पूर्ण निराकरण सुनिश्चित कराएं।

### फोटो - वीडियो के साथ प्रस्तुत करें निराकरण

कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि केवल लिख देने से निराकरण मानकर समय सीमा की बैठक में समीक्षा के लिए रखे गए प्रकरणों को बंद नहीं किया जाएगा। यदि अपेक्षित कार्यवाही कर दी गई है तो फोटो - वीडियो के प्रमाण के साथ निराकरण दर्ज करें। संतुष्ट होने पर ही प्रकरण को समीक्षा से हटाया जाएगा।

### अवैध उत्खनन, परिवहन पर हो सख्त कार्यवाही

कलेक्टर श्री नारायन ने कोयलांचल क्षेत्र एवं लोहांगी नदी से रेत के अवैध उत्खनन , परिवहन को लेकर आ रही शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जताई और जिला खनिज अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन पर पूरी नजर रखें और पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जाए।

### अवैध शराब पर कार्यवाही जारी रखें

कलेक्टर श्री नारायन ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देश दिए कि अवैध शराब अहातों और सार्वजनिक स्थलों पर शराब के सेवन पर कार्यवाही लगातार जारी रखें। अवैध शराब के परिवहन पर भी पूरी नजर रखी जाए और प्रकरण पंजीबद्ध कर कार्यवाही की जाए। उन्होंने प्रति सप्ताह कार्यवाही कर हर टी एल बैठक में अवगत कराने के निर्देश दिए हैं।

### बेसहारा नागरिकों की सतत निगरानी करें, रैन बसेरों में शिफ्ट कराएं

कलेक्टर श्री नारायन ने नगर निगम छिंदवाड़ा को निर्देश दिए कि प्रभारी अधिकारी को प्रतिदिन रात्रि में शहर के भ्रमण के लिए भेजें और बेसहारा नागरिकों की सतत मॉनिटरिंग कराएं। ठंड से सुरक्षित रखने के लिए इन बेसहारा लोगों को समझाइश देकर रैन बसेरों में शिफ्ट कराएं। ठंड में सभी निराश्रितों को रैन बसेरे का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने रात्रि भ्रमण और रेन बसेरों में शिफ्टिंग के जियो टैग फोटो समय की जानकारी के साथ प्रतिदिन भेजने के निर्देश दिए हैं।

## खबर संक्षेप

### सेवा संकल्प सोसाइटी ने बच्चों को बांटे गर्म कपड़े

**छिंदवाड़ा।** सामाजिक क्षेत्र में निरंतर अग्रणी कार्य करने वाली संस्था सेवा संकल्प वेलफेयर सोसाइटी द्वारा ₹विंटर रिलीफ कैंपेन₹ के तहत शास प्राथमिक शाला खैरी पिंडरई के नन्हे बच्चों के लिए गरम स्वेटर वितरित किए । कार्यक्रम में अतिथि के रूप में जनशिक्षक प्रदीप सूर्यवंशी,वरिष्ठ समाजसेवी शंकर राने,सुप्रसिद्ध गायिका रूपाली जंघेला,सेवा संकल्प सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ.चंद्रकांत विश्वकर्मा, उपाध्यक्ष सुश्री आराधना शुक्ला,मुकेश दीक्षित, संकेत पांडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे । सेवा संकल्प के पदाधिकारियों ने खुशीयो के पल बांटते हुए उन्हें खुद अपने हाथों से गर्म स्वेटर पहनाते हुए बचपन के अपने स्कूली दिनों की याद ताजा की और उन नन्हे नन्हे बच्चों के बीच खुशी के पल बाटे बच्चों को जैसे ही गर्म कपड़े मिले सभी बच्चे खुशी से झूम उठे मानो कोई सपना देख रहे और वो पूरा हो गया हो।सभी बच्चों ने अपने बीच ये सभी सामग्री पाते ही कहने लगे धन्यवाद संकल्प परिवार आपने ये अभियान चलाकर हम जैसे जरूरतमंद का सहारा बने ।

### सांसद ने 10 मरीजों को दिलाई 4 लाख 40 हजार की आर्थिक मदद

**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने हार्ट, कैंसर, पीलिया सहित अन्य बिमारियों से पीड़ति 10 जरूरतमंद मरीजों को 4 लाख 40 हजार की आर्थिक मदद दिलाई है। सांसद श्री साहू की पहल पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उनकी स्वेच्छानुदान मद से आर्थिक सहायता दी है। यह आर्थिक सहायता राशि मिलने पर 10 जरूरतमंद मरीजों का अस्पतालों में बेहतर इलाज हो सकेगा। सांसद श्री साहू के निवेदन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपनी स्वेच्छानुदान मद से छिन्दवाड़ा के ग्राम धूसावानी निवासी श्रीमती कविता पति प्रकाश को 50 हजार, चांदामेटा निवासी सुश्री आसिफा पिता मो. शेख को 65 हजार, छिन्दवाड़ा के गीतांजली कॉलोनी निवासी दीपक कुर्वेकर को 60 हजार, छिन्दवाड़ा के ग्राम शहपुरा निवासी हसन चंचालवार को 60 हजार, बिछुआ के ग्राम डोकलीकलां निवासी गणपत पिता भूरू उइके को 45 हजार, सौंसर के ग्राम सावंगा निवासी फत्तुजी पिता धनराज माने को 25 हजार, सौंसर के सुभाष वार्ड निवासी श्रीमती विना पति प्रल्हाद मानेकर को 30 हजार, मोहखेड़ के ग्राम खैरवाड़ा निवासी सतीश यदुवंशी को 50 हजार, रमेश पिता इन्नू साहू को 25 हजार मदद की।

## नगर निगम आयुक्त के आदेशानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त सी.पी. राय के आदेशानुसार शहर में अतिक्रमण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में छोटा तालाब क्षेत्र में पवार होटल के पास से पुलिस लाइन गेट तक सड़क के दोनों ओर लगाए गए पाल, पर्दे, तिरपाल, चबूतरे एवं गुमटियों को हटाकर फटका मशीन में रखवाया गया। इस कार्रवाई के माध्यम से मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस लाइन गेट से फव्वारा चौक तक पूर्व में हटाए गए अतिक्रमण का निरीक्षण भी किया गया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि दोबारा अतिक्रमण न हो। नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शहर को सुव्यवस्थित एवं यातायात सुचारु बनाए रखने के लिए आगे भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

## नगर निगम आयुक्त द्वारा राजस्व वसूली की समीक्षा, बकायेदारों पर सख्त कार्रवाई

**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त द्वारा निरंतर राजस्व वसूली की समीक्षा करते हुए बकायेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में इमलीखेड़ा, बैतूल रोड स्थित ब्लॉक ₹ए₹ की दुकान क्रमांक 17 एवं दुकान क्रमांक 19 का प्रीमियम राशि जमा नहीं किए जाने के कारण आवंटन निरस्त कर दिया गया है तथा जमा की गई राशि राजसात कर ली गई है। गौरतलब है कि नगर निगम की ई-निविदा प्रक्रिया के अंतर्गत दुकान क्रय करने वाले कुछ ुकानदारों द्वारा लगभग 48 लाख रुपये की प्रीमियम राशि जमा नहीं की जा रही थी। निगम द्वारा संबंधित दुकानदारों को बार-बार नोटिस जारी कर राशि जमा करने के निर्देश दिए गए, किंतु निर्धारित समय-सीमा में प्रीमियम राशि जमा नहीं करने के कारण उक्त दुकानों का आवंटन निरस्त किया गया। नगर निगम द्वारा ऐसी अन्य दुकानों को भी चिन्हित किया गया है, जिनकी प्रीमियम राशि अब तक जमा नहीं की गई है। आगामी समय में प्रीमियम राशि जमा नहीं करने वाले ऐसे दुकानदारों के विरुद्ध भी इसी प्रकार की कार्रवाई करते हुए दुकान आवंटन निरस्त किया जाना प्रस्तावित है।

## नगर निगम द्वारा गणेश कॉलोनी, वार्ड नंबर 12 में पानी की टंकी की सफाई का कार्य संपन्न



नगर निगम द्वारा गणेश कॉलोनी, वार्ड नंबर 12 में पेयजल आपूर्ति को स्वच्छ एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से पानी की टंकी की सफाई का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह कार्य नगर निगम के संबंधित विभाग द्वारा निर्धारित मानकों एवं सुरक्षा नियमों के अंतर्गत कराया गया।

## तामिया हिल स्टेशन को फिल्म उद्योग में पहचान दिला रहे हैं ओमर गुल ख़ान

**तामिया।** कोलंबस मल्टीमीडिया फ़िल्म्स एंड प्रोडक्शन के सीईओ ओमर गुल ख़ान लगातार फिल्मों के माध्यम से तामिया हिल स्टेशन को फिल्म उद्योग में नई पहचान दिलाने का कार्य कर रहे हैं। अब तक वे तामिया में 9 फिल्मों की शूटिंग सफलतापूर्वक पूर्ण कर चुके हैं।ओमर गुल ख़ान ने इस अवसर पर छिंदवाड़ा जिला प्रशासन—कलेक्टर, एडीएम, एसडीएम, एसपी, तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी विभाग, ग्राम पंचायत, मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय डॉ. मोहन यादव जी का सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।उन्होंने अपनी टीम के प्रमुख सदस्य आकाश मंडराह की सराहना करते हुए कहा कि वे शूटिंग के दौरान क्रू की सभी आवश्यकताओं को समय पर बेहतरीन ढंग से पूरा करते हैं।ओमर गुल ख़ान ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में वे तामिया और छिंदवाड़ा में और भी फिल्मों, बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स व वेब सीरीज की शूटिंग लेकर आएंगे, जिससे क्षेत्र को नई पहचान मिलेगी।

## CPL चावलपानी प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

**तामिया।** तामिया के चावलपानी मैदान में आयोजित चावलपानी प्रीमियर लीग (सीपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर कांग्रेस विधायक सुनील उईके की और से पर्यवेक्षक विनोद निरापुरे उपब्लॉक अध्यक्ष उमराव शाह जनपद सदस्य देवीसिंह पटेल,जनपद सदस्य देवीसिंह उईके जनपद सदस्य प्यारेलाल उईके मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे उन्होंने विजेता टीम को ट्राफी और 41000 रुपए तथा उपविजेता टीम को 21000 रुपए एवं ट्राफी से सम्मानित किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला सारांश इलेवन और डॉक्टर इलेवन की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें दर्शकों को रोमांचक खेल का अनुभव कराया। वही सारांश इलेवन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 ओवर में 105 रन बनाए जवाब में डॉक्टर इलेवन ने 8 ओवर में 100 रन बनाए। सारांश इलेवन ने 5 रनों से जीत अपने नाम की। वहीं, डॉक्टर इलेवन की टीम ने भी कड़े मुकाबले में आखिरी गेंद तक जबरदस्त खेल का प्रदर्शन कर दर्शकों का दिल जीत लिया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान सभी टीमों ने उत्कृष्ट खेल भावना और अपने खेल कौशल का परिचय दिया, जो कि खेल के प्रति उनके समर्पण को दर्शाता है।

## पानी को लेकर मिली शिकायत, वार्ड में पहुंचे अध्यक्ष और सीएमओ



**परासिया :-** नगर पालिका परासिया मेंवार्ड क्रमांक 9 से पानी को लेकर शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए शिकायत स्थल पर अध्यक्ष विनोद मालवीय मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सी एम ओ) भरत गजबे नपा अमले के साथ वार्ड में पहुंचे । नलों से गन्दा पानी की शिकायत पर निरीक्षण किया गया । निरीक्षण में पाया गया , कि वर्तमान में नलों से साफ पानी आ रहा है । पानी का सेम्पल लेकर विस्तृत जांच के लिए भेजा गया । इसके अलावा स्थानीय निवासियों द्वारा आवासीय क्षेत्र से लगे हुए नाले की सफाई के लिए कहा गया । जिस पर अध्यक्ष द्वारा तत्काल सफाई कार्य करने हेतु आदेशित किया गया । अध्यक्ष ने कहा , कि निकाय क्षेत्र अंतर्गत जहां पर भी दूषित एवं गंदे पानी की समस्या उत्पन्न होगी , उस पर तत्काल कार्रवाई करने , सफाई करने एवं मरम्मत करने नपा संकल्पित है । उन्होंने बताया , कि नगर पालिका पानी सप्लायर को आदेशित किया गया है , कि किसी भी प्रकार की लापरवाही ना की जाए । लापरवाही की जाती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जावेगी ।

## कचरा वाहन का लोकार्पण गांव में घरों से एकत्रित होगा कचरा



**परासिया :-** ग्राम पंचायत भमोड़ी द्वारा ई कचरा वाहन की शुरुआत की गई है । जिला पंचायत सदस्य अरुण यदुवंशी ने हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया । सरपंच विपिन श्रीवास्तव ने बताया कि वाहन द्वारा घरों से कूड़ा कचरा एकत्रित किया जायेगा । जिला पंचायत निधि तथा ग्राम पंचायत कोष से वाहन क्रय किया गया है । इस वर्ष को क्लीन भमोडी का संकल्प लिया गया है । जिसमें पूरे वर्ष स्वच्छता तथा जन जागरूकता के लिए कार्यक्रम चलाए जाएंगे । पांच नए कचरा घर नाडेफ स्वीकृत किए गए हैं। कार्यक्रम में मोतीलाल राय , मोहन भास्कर , नितेश नाविक , शंकर पाल , सागर सूर्यवंशी , अशफाक खान, राजेश सेंगर , इकबाल अहमद सहित पंच गण, आशा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही ।

## एन.एस.यू.आई. ने बिछुआ महाविद्यालय में किया वृक्षारोपण

**छिंदवाड़ा।** जिला एन.एस.यू.आई. छिंदवाडा के अध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर के नेतृत्व में "पर्यावरण बचाओ पेड़ बचाओ, एक पेड़ भविष्य के नाम" अभियान निरंतर जारी है, इसी क्रम में आज शासकीय महाविद्यालय बिछुआ में वृक्षारोपण किया । ठाकुर ने कहा कि एन.एस.यू.आई. द्वारा यह क्रम निरंतर जारी रहेगा । कार्यक्रम में मुख्य रूप से शुभम पवार, एन.एस.यू.आई. बिछुआ, सुधीर पवार एन.एस.यू.आई. बिछुआ, अर्जुन यादव, मोहित मालवी, मयंक पराडकर, दीपक खड़से, किरण कुड़ोपे, अतुल मालवी सहित एन.एस.यू.आई. के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## हम है धरती के दूत अनुभूति कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

**दमुआ।** म.प्र. ईको पर्यटक विकास बोर्ड द्वारा एवं क्षेत्रीय सब डिविजनै क्व्ष् ऑफिसर परासिया श्री विजेन्द्र खोब्रागड़े के मार्ग दर्षन में दमुआ वन परिक्षेत्र के अंतर्गत हम है धरती के दूत ठीक अनुभूति कार्यक्रम दमुआ रेंज के अंतर्गत वन ग्राम कांगला डेम के पास जंगल में



अनुभूति कार्यक्रम 2026 आयोजित किया गया जहां अनुभूति कार्यक्रम में शा.उ.मा.वि.नंदन एवं शा.क.हाईस्कूल दमुआ कालीछापर के षिक्षक षिक्षिकाये एवं छात्र-छात्राये शामिल हुये जहां मास्टर ट्रेनर जगदीश प्रसाद षिवहरे द्वारा स्कूली बच्चो को वन भ्रमण कर वन प्राणी पषु पक्षियों पर्यावरण वनस्पति कीमती वृक्ष प्राकृति की प्रत्यक्ष अनुभूति करायी, एवं वनों से संबंधित जानकारी स्कूली बच्चो से साझा किये, एवं वनों के महत्व को समझाया एवं प्रत्येक बच्चो को टोपी एवं अनुभूति पुस्तिका वितरण किया गया एवं वनों से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता करायी गई। जिसमें निबंध, चित्रकला, कविताओं एवं भाषण के साथ स्पर्धा हुई, पर्यावरण जागरूकता के प्रति शपथ दिलाई गई। साथ हीं वनभोज भी कराया गया। अनुभूति कार्यक्रम 2026 में उपस्थित जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य श्रीमति कपूरी लोबो ग्राम सरपंच ग्राम वन समितियों के अध्यक्ष एवं मुख्य रूप से उपस्थित सब डिवीजन फॉरेस्ट ऑफिसर विजेन्द्र खोब्रागड़े जी वन परिक्षेत्र अधिकारी धमेन्द्र शर्मा जी, सहा. वनपरिक्षेत्र अधिकारी जी.एन.तिवारी, विनोद परतेती जी, हरदयाल कुमरे जी, रामप्रसाद कवरेती जी, सरफसिंग कवरेती जी, सुरेष सरयाम, हेमल नर्रे, षिवराज कवरे जी, वसुधंरा इवने, सरिता कुड़ापे, श्री रामदयाल नागवंषी, श्री अजय पवार कम्पयूटर ऑपरेटर, श्री संजय सिंग गांधी, सोनू उईके जी, रंगीलाल नर्रे मौजूद रहे।

## शासकीय भूमि से अवैध कब्जा हटाने सरपंच ने जनसुनवाई में लगाई गुहार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

ग्राम पंचायत राजाखोह सरपंच श्रीमती सपना ललित चैरे ने प्रेस को बताया कि उनके द्वारा कलेक्टर जन सुनवाई में पहुँचकर कलेक्टर महोदय को अवगत कराया कि पंचायत राजाखोह के ग्राम राजाखोह ढाना पोस्ट जमुनिया, तहसील व जिला छिंदवाड़ा में स्थित शासकीय आबादी की भूमि खसरा 75 से लगी भूमि खसरा नंबर 133 जिसमें 4-5 ग्रामीणों के मकान निर्माणाधीन और इसी भूमि से लगी शासकीय भूमि 2.5 एकड़ पर बाहरी व्यक्ति किशोर डेहरिया द्वारा ग्रामीणों को डरा-धमकाकर उक्त भूमि में कब्जा कर जबरन फसल की बोनी कर दी गई है, और जब ग्रामीणों द्वारा उक्त व्यक्ति के द्वारा किये गये अवैध कब्जे का विरोध किया गया तो इस व्यक्ति के द्वारा ग्रामवासियों के विरूद्ध तहसीलदार छिंदवाड़ा के समक्ष झूठी शिकायत कर उनके पूर्व से बने मकानों को तुड़वाने हेतु आवेदन दिया है जिसका प्रकरण अभी विचाराधीन है एवं अनावश्यक ही ग्रामीणों पर जुर्माने की राशि अधिरोपित की गई है । जबकि पूर्व में आर.आई. एवं पटवारी द्वारा ग्रामवासियों एवं पंचायत से उक्त भूमि को अ आबादी भूमि घोषित करने हेतु दिनांक 27.02.2025 को प्रस्ताव जमा करवाया गया था।

## स्कूल बैग एवं शिक्षण सामग्री पाकर छात्रों के खिल उठे चेहरे

**छिंदवाड़ा।** मोहखेड़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला लोहांगी में जन्नत क्लीनिक, मोहखेड़ के संचालक, सहज एवं सरल स्वभाव के धनी चिकित्सक डॉ. सोयल खान ने सपरिवार उपस्थित होकर विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं के बीच अपना जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप स्कूल बैग, शिक्षण सामग्री एवं बिस्कुट के पैकेट का वितरण किया। उपहार पाकर नन्हे-मुन्ने बच्चों के चेहरों पर प्रसन्नता एवं आभारपूर्ण मुस्कान देखने को मिली।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधान पाठक बी.के. तुमडाम, शिक्षक टी.सी. भलावी एवं हरिओम साहू द्वारा समस्त अतिथियों का आदरपूर्वक स्वागत एवं सम्मान किया गया। डॉ. सोयल खान की माता फरीदा खान एवं भाई सलमान खान ने ग्राम एवं विद्यालय के प्रति अपने आत्मीय जुड़ाव को व्यक्त किया।

## वैकल्पिक मार्गों पर नपा ने लगवाए सोलर लाइट

### एक - दो दिन में लाइटों की संख्या बढ़ाई जाएगी : नपाध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

तामिया मार्ग बंद होने के बाद लोगों के आवागमन हेतु बनाएं गए वैकल्पिक मार्गों पर नगर पालिका परासिया के द्वारा सोलर लाइट लगवाए गए । इसके पूर्व खराब जगहों पर मिट्टी - मुरुम डलवाकर मार्ग को सुधारा गया है । रेलवे ब्रिज निर्माण के चलते परासिया - तामिया मुख्य मार्ग बंद किया गया है । इसके विकल्प में मैगजीन लाइन - वेयर हाउस मार्ग और परासिया वार्ड एक रिंक टाकीज - ओझा मोहल्ला से साईं मंदिर तक वैकल्पिक मार्ग बनाया गया है । जहां रात में प्रकाश की उचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को आवागमन में खासी परेशानी होती थीं । जिसकी बार - बार शिकायत मिलने के बाद सोमवार को नपा अध्यक्ष विनोद मालवीय , सभापति नरेंद्र विश्वकर्मा नपा कर्मियों को साथ में लेकर वैकल्पिक मार्गों पर पहुंचे और सोलर लाइट अपनी मौजूदगी में लगवाया । अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया , कि अभी दोनों मार्गों पर दो - दो लाइट लगवाए गए हैं । एक - दो दिन में लाइटों की संख्या बढ़ाई जाएगी ।

## 2100 यूनिट रक्तदान कराकर बचाई हजारों जिंदगियां

**छिंदवाड़ा।** समाज सेवा और मानवता के प्रति अटूट समर्पण की जब भी बात होगी, छिंदवाड़ा के सुप्रसिद्ध समाजसेवी रिंकू रितेश चौरसिया का नाम अग्रिम पंक्ति में लिया जाएगा। 'आर.के. फर्नीचर एवं इलेक्ट्रॉनिक्स' (स्टेशन रोड, परासिया) के संचालक और कर्मठ कृषक रिंकू रितेश चौरसिया ने आज निःस्वार्थ सेवा की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। विगत 16 वर्षों के निरंतर परिश्रम और सेवा भाव के फलस्वरूप, उनके माध्यम से 2100 यूनिट निःशुल्क रक्तदान का विशाल एवं गौरवशाली लक्ष्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है।16 वर्षों का संघर्ष और अटूट संकल्पः विगत डेढ़ दशक से दिन हो या रात, रिंकू चौरसिया ने समय की परवाह किए बिना हर उस पुकार पर प्रतिक्रिया दी, जहाँ किसी मरीज को रक्त की आवश्यकता थी। कोई भी जीवन रक्त के अभाव में न थमे - इसी एक संकल्प को अपना जीवन मंत्र मानकर उन्होंने यह सफर तय किया है। आज 2100 यूनिट का यह आंकड़ा केवल एक संख्या नहीं, बल्कि उन 2100 परिवारों की मुस्कान है, जिनके अपनों को समय पर रक्त मिलने से नया जीवन मिला।बहुमुखी समाज सेवा का पर्यायःरिंकू रितेश चौरसिया का व्यक्तित्व केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है। वे समाज सेवा के हर क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं: पर्यावरण संरक्षणः अब तक उनके द्वारा 9,500 पौधों का रोपण किया जा चुका है।

### दो आरोपियों पर पूर्व से अलग-अलग थानों में अपराधिक मामले है दर्ज

## देहात पुलिस की कार्यवाही, 60 लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा

देहात थाना पुलिस ने साठ लीटर कच्ची शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डे एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के मार्गदर्शन में नगर पुलिस अधीक्षक अजय राणा के द्वारा थाना प्रभारी देहात निरीक्षक गोविंद सिंह राजपूत ने पुलिस टीम गठित कर अवैध शराब की तस्करी करने वाले आरोपियों की धरपकड़ हेतु विशेष अभियान के तहत अपने मुखबीर तंत्र के आधार पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।



घटना का संक्षिप्त विवरण थाना प्रभारी देहात एवं उनके अधीनस्थ स्टाफ को दिनांक 06/01/2026 को हमराह आर. 779 सौरभ बघेल के कस्बा में जुर्म जरायम पतासाजी करने रवाना हुआ था परासिया नाका पर जरिये मुखबिर से सूचना मिली कि एक दुबले पतले कद काठी का व्यक्ति जिसने हरी धारी वाली शर्ट व काला पेन्ट पहना है उम्र करीबन 18-19 वर्ष है। पोआमा बस्ती के पास जाने वाली कच्ची रोड पर झाडियों के पास अत्यधिक मात्रा में शराब लेकर खडा है। बेचने के लिये ग्राहक तलाश कर रहा है। जो तत्काल थाना प्रभारी देहात निरी. गोविंद सिंह राजपूत द्वारा अपने अधीनस्थ स्टाफ से दविश दिलवाकर आरोपी कुनाल उर्फ लकी गौतम के कब्जे से चार प्लास्टिक की कुप्पियों में 60 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमति करीबन 12360 रूपये जप्त की गई।

आरोपी ने यह शराब अपने दोस्त हर्षत कहार के साथ जाटाछापर के पास स्थित नाले के पास में बनाकर आज दिनांक 06/01/2026 को छिन्दवाडा में बेचने लिए लाये थे। पुलिस ने दूसरे आरोपी को चिल्ला बाबा की दरगाह से गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्र. 10/2026 धारा 34 (2), 42 आबकारी एक्ट का कायम कर दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। दोनों आरोपियों के पूर्व में चोरी मारपीट के अपराध अलग-अलग थानों में दर्ज है।

गिरफ्तार आरोपियों के नाम (1) कुनाल उर्फ लकी पिता हरीशंकर गौतम उम्र 18 वर्ष निवासी जाटाछापर थाना चौदामेटा जिला छिन्दवाडा। (2) हर्षत पिता फागलाल कहार उम्र 20 वर्ष निवासी जाटाछापर थाना चाँदामेटा जिला छिन्दवाडा ।

**महत्वपूर्ण भूमिकाः-** निरी. गोविंद सिंह राजपूत, सउनि. संदीप सिंह राजपूत, प्र.आर. 801 मंगलसिंह, आरक्षक 779 सौरभसिंह बघेल, आर. 836 उमेश उइके, सायबर सेल से प्रआर. 811 नितिन, आर. 842 आदित्य की विशेष भूमिका रही है।

## ग्रामीण जनता भटक कर हो रही परेशान, सचिव हमेशा रहते हैं नदारद

# मड़काढ़ाना पंचायत में लगा रहता है हमेशा ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



जुन्नारदेव जनपद मुख्यालय के अंतर्गत ग्राम पंचायत भड़काना में आय दिन ताला लटका रहता है ग्रामीणों का कहना है कि यहां पर हम लोग काम करने आते हैं और पंचायत में हमें कई काम रहते है अधिकतर यहां पर ताला लटका रहता है सचिव के दो प्रभार होने के चलते ग्राम पंचायत के काम प्रभावित हो रहा है।

सूत्रों की माने तो दोनों पंचायत में ही सचिव नहीं थे लेकिन जन समस्याओं और स्थानी स्तर पर सुविधाओं के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर सरकारी नुमाइंदे के रूप में भेजे गए सचिव लगातार ऐसे आए दिन गायब रहना बड़ी लापरवाही बयां करती है जिसके चलते ग्रामीण जनता में भी आक्रोश है अपने कामों को लेकर भटकने पर मजबूर हो रहे हैं । जब पक्ष जानने के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी रश्मि चौहान से फोन किया गया तो उन्होंने फोन उठाकर काट दिया।देखने में आता है कि अधिकारी का अधीनस्थ काम करने वाले सचिव का पूरा पक्ष लिया जा रहा हो और गलती पर पर्दा डालने से काम नहीं जाहिर होता।

## बिछुआ पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

**बिछुआ।** बिछुआ नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिछुआ में बिछुआ पुलिस द्वारा सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा अभियान चलाया गया,इस दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट और वैध दस्तावेजों के वाहन चलाने न चलाने हेतु स्कूलों बच्चों को जागरूक किया गया,पुलिस अधिकारियों ने आम नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की।बिछुआ थाना प्रभारी सतीश उईके के मार्गदर्शन में बच्चों को सड़क सुरक्षा जागरूकता की जानकारी पुलिस विभाग द्वारा दी गई। इस दौरान मुख्य रूप से अजय बघेल,यशवंत मर्सकोले,नितिन मालवीय,बसंत बघेल, समेत शिक्षक गण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।



## भीम का संविधान है, के गीत पर झूमे भीम सैनिक

**सौंसर।** नगर में रविवार को समता सैनिक दल भारतीय बौद्ध महासभा के संयुक्त तत्वाधान में भीमा कोरेगांव शौर्य दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता समता सैनिक दल के जिला जेओसी बाबारावजी चारे ने की,मुख्य अतिथि के रूप में भंते सारीपुत्रजी, समता सैनिक दल के राष्ट्रीय पदाधिकारी प्रदीप डोंगरे राष्ट्रीय प्रवक्ता पी.सी टेमरे, संघप्रियनाग लांडे,पृथ्वी मोटघरे,भारतीय बौद्ध महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रबोधि पाटिल कोषाध्यक्ष धम्मरतन सोमकुवर, राष्ट्रीय महासचिव शंकरराव ढेगरे,प्रदेश महासचिव चिंतामन पगारे,रत्नमाला पीसे, जिला अध्यक्ष नरेंद्र पाटिल,आदि थे, आयोजन का शुभारंभ तथागत बुद्ध एवं डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के प्रतिमा सम्मुख दीप धूप प्रज्वलन के साथ किया गया,नगर में निकली रैली ने संविधान चौक एवं श्री छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर माल्यार्पण किया,कार्यक्रम का संचालन आनंद सहारे,प्रवीण ठवरे ने किया,इस दौरान बाजार चौक में बने भीमा कोरेगांव शौर्य स्तंभ को जयभीम सलामी दी, कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आंबेडकरी वक्ताओं ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी के द्वारा दिया गया धम्म हमें जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करना पड़ेगा, अध्यक्ष भाषण में समता सैनिक दल जिला जेओसी बाबाराव चारे ने समता सैनिक दल के द्वारा किए जा रहे कार्य के बारे में जानकारी देते हुए एकजुटता के साथ कार्य करने की बात कही, कार्यक्रम की प्रस्तावना एम.आर.शेंडे गुरुजी ने रखी, मानवता का संदेश टीम ज्योति देशभरतार संघमित्रा गजभिए आदि के द्वारा नाटक की प्रस्तुति दी गई।



## मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से की भाजपा नेताओं ने भेंट



**सौंसर।** मंगलवार को भाजपा नेताओं ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव,ऊर्जा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से शिष्टाचार भेंट करते वह क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं लेकर चर्चा की। मिली जानकारी के अनुसार वल्लभ भवन, भोपाल में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से ऊर्जा मंत्री एवं प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से संगठनात्मक विषयों एवं जिले के विकास कार्यों पर सार्थक चर्चा की गई है। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहड़ प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले,श्री चमत्कारिक हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक) जाम सांवली के अध्यक्ष गोपाल शर्मा आदि भाजपा नेता प्रमुखता से उपस्थित थे।

## राजस्थानी महिला मंडल ने किया सुंदरकांड का आयोजन



**सौंसर।** राजस्थानी महिला मंडल द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में जामसावली हनुमान मंदिर में सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी महिलाओं ने मिलकर सुंदरकांड का पाठ किया और प्रसादम में प्रसादी लेकर आनंद उठाया। इस अवसर पर अध्यक्ष रेखा राठी, सचिव श्वेता बागानी, कोषाध्यक्ष रेखा कोठारी, संगठन मंत्री कल्पना सावल, प्रियंका बागानी, शीला डांगरा, मीना राठी, लता बागानी, गीता शर्मा, सरिता शर्मा कृष्णा मूंदड़ा प्रेमा राठी त्रिमूर्ति की दर्शन एवं अभिषेक कर क्षेत्र के समृद्धि एवं प्रगति के लिए प्रार्थना की।

## कथा में भक्ति का अद्भुत प्रसंग, विदुर-विदुरानी के प्रेम पर मोहित हुए भगवान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



जुन्नारदेव विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केवलारी के ग्राम मोरकुंड स्थित लखपति हनुमान मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दौरान भागवत आचार्य पंडित गुरु साहब शर्मा के द्वारा श्रोताओं को भक्ति और प्रेम का अद्भुत महत्व समझाया गया। कथा में उन्होंने प्रसंग सुनाया कि किस प्रकार सच्ची भक्ति के बंधन में बंधकर भगवान श्रीकृष्ण स्वयं विदुर जी और विदुरानी के घर पधारे। भागवत आचार्य ने बताया कि जब विदुरानी प्रेम-विह्वल होकर भगवान को केले परोस रही थीं, तो भावविभोर अवस्था में वे केले के छिलके भगवान को अर्पित करने लगीं। भगवान श्रीकृष्ण ने बिना किसी संकोच के उन छिलकों को भी प्रसाद रूप में स्वीकार किया, क्योंकि उनके लिए भोजन नहीं, बल्कि भक्त का प्रेम और श्रद्धा ही सर्वोपरि होती है।इस प्रसंग के माध्यम से भागवत आचार्य ने संदेश दिया कि भगवान को पाने के लिए आडंबर नहीं, बल्कि निष्कलंक भक्ति, प्रेम और समर्पण आवश्यक है। कथा श्रवण कर श्रद्धालु भावविभोर हो गए और पूरा पंडाल "राधे-राधे" और "जय श्रीकृष्ण" के जयकारों से गूंज उठा। कथा का वाचन प्रतिदिन सुबह 9:00 से 11 दोपहर 2 से 5 एवं रात्रि 9 से 11:00 बजे तक किया जा रहा है। कथा आयोजन ग्राम पंचायत मोर कुंड के ग्रामीणों ने क्षेत्र की जनता जनार्दन से कथा श्रवण कर धर्म लाभ अर्जित करने की अपील की है।

## इंदौर में दिखाया सौंसर के नन्हें फाइटर्स ने जलवा



**सौंसर।** इंदौर में आयोजित '1 दिवसीय ऑल इंडिया इंटर स्कूल कराटे प्रतियोगिता' में संजय मार्शल आर्ट स्कूल, सौसर के खिलाड़ियों ने अपना लोहा मनवाया है। 7 बच्चों ने पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है।मंगलवार को सौसर आगमन पर नगर वासियों ने फूलों का वर्षाव एवं माल्यार्पण करते हुए बच्चों का स्वागत सत्कार किया है।संजय मार्शल आर्ट स्कूल के संचालक संजय भुझाडे ने बताया की मध्य प्रदेश के इंदौर में आयोजित एक दिवसीय ऑल इंडिया इंटर स्कूल कराटे प्रतियोगिता में स्कूल के 7 प्रतिभावान खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था,और अपनी तकनीक व फुर्ती के दम पर एक गोल्ड, तीन सिल्वर और चार ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। टीम का नेतृत्व महिला कोच मिताली भारसाकरे ने किया। इन 7 कराते खिलाड़ियों का चयन आल इंडिया इंटर स्कूल कराते प्रतियोगीता में पदक जितने वाले खिलाड़ियों मे आरूशी बाबूलाल विश्वकर्मा ने स्वर्ण पढक, सप्तान्शु अमरीश जैस्वाल ने रजत पढक, आशी द्विवेदी ने रजत पढक, कुश गणपति लोनारे ने रजत पढक, प्रियांशु कुलदीप भारसाखरे ने रजत पढक मोहम्मद् बिलाल ने कास्य पढक प्राप्त किया वही मयंक राजकुमार बरखड़े का सराहनीय प्रदर्शन रहा है खिलाड़ियों की घर वापसी होने पर खिलाड़ियों के परिजनों ने और नगर के गनमान्य नागरिको ने स्वागत सत्कार किया एवं खिलाड़ियों को बधाइयां दी है।



## वार्ड क्रमांक 11 की सीसी रोड का किया निरीक्षण

**जुन्नारदेव।** वार्ड क्रमांक 11 महाराणा प्रताप वार्ड में कायाकल्प तू के अंतर्गत सीसी रोड का निर्माण कार्य जारी है वार्ड वासियों एवं आम नागरिक की मांग पर यह बरसों पुरानी मांग का निर्माण कार्य नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोदे की विशेष पहल पर निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया वार्ड वासियों द्वारा पुरानी रोड पर ही पुरी रोड बनाने की बात रखी इसके निरीक्षण हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे नगर पालिका परिषद के अखिल समिति सदस्य सभापति संजय जैन विभाग के ठेकेदार सागर अरोड़ा उप यंत्री अनुराग सरिया हर्ष सूर्यवंश सहित भाजपा नेता विजयपाल सुनील पाल केंद्र अध्यक्ष मुकेश बंडेवार एवं वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद श्रीमती प्रमिला पाल एवं वार्ड वासी उपस्थित मौका स्थल का निरीक्षण कर मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने वार्ड वासियों की मनसा अनुरूप शासन की महत्वपूर्ण सी योजना कायाकल्प तू का निर्माण कार्य किया जाएगा जिससे आम जन मानस को इस मुख मार्ग का निर्माण होने पर आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी।

## खिलाड़ियों से गुलजार हो रहा वॉलीबॉल खेल मैदान

**जुन्नादेव।** जुन्नारदेव को खेलों का गण कहा जाता है। क्षेत्र के खिलाड़ियों ने न सिर्फ जिला राज्य बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया है। बात यदि वॉलीबॉल खेल की की जाए तो इस खेल में अनेकों खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा का हुनर बिखेर चुके हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 11 रेलवे स्टेशन मनोरंजन सदन ग्राउंड पर भारी ठंड के बाबजूद भी खिलाड़ियों में भारी उत्साह और उमंग के साथ बॉलीबॉल की प्रैक्टिस करते दिखाई दे रहे है। लगभग 50 सालों से यह खेल जुन्नादेव शहर में खेल जा रहा है और पिछले वर्ष से दूधिया रोशनी में आयोजित किया जा रहा है। शाम होते ही खिलाड़ियों का आना प्रारंभ हो जाता जाता है जिसमें शहर के साथ साथ, रेल्वे के अधिकारी एवं अलग - अलग जगह से आकर भी हर उम्र का खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा को दिखाता है एवं अच्छे खेल का प्रदर्शन करता है जो पूरे शहर की जनता के लिए देखने वाला होता है। रेल्वे में पदस्थ आकिब खान और सभी शहर के साथियों की मदद से इस ग्रांउड को फिर से दूधिया रोशनी में चालू किया गया। आम जनता का भी इस खेल को देखने के लिए समावेश हो जाता है। जो कि सराहनीय है। जल्द ही इस ग्राउंड पर एक वॉलीबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

## वारासिवनी महाविद्यालय ने जीती संभाग स्तरीय बॉल बैडमिंटन महिला-पुरुष प्रतियोगिता



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में संभाग स्तरीय बॉल बैडमिंटन महिला-पुरुष प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों ही वर्गो में शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी की टीम विजेता रही। विदित हो कि मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी खेल कैलेंडर अनुसार यह प्रथम अवसर हैं, जब बॉल बैडमिंटन खेल को वार्षिक कैलेंडर में शामिल किया गया हैं। इस खेल के शामिल होने के बाद महाविद्यालय द्वारा संभाग स्तरीय प्रतियोगिता की आयोजन हेतु प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर महाविद्यालय को संभागीय स्तरीय प्रतियोगिता का दायित्व सौंपा गया था। इसी तारतम्य में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बॉल बैडमिंटन एक टीम गेम हैं, जिसमें एक टीम में पांच खिलाड़ी होते हैं। इस खेल में बैडमिंटन की तरह एक रैकेट होती हैं, जो बैडमिंटन की रैकेट से थोड़ी मोटी होती है एवं शटल कॉक की जगह एक ऊन की 30 ग्राम की बाल होती हैं। यह बैडमिंटन और वॉलीबॉल का मिश्रित रूप है। इस प्रतियोगिता में महिला-पुरुष दोनों वर्गों मे शासकीय महाविद्यालय वारासिवनी ने विजय प्राप्त की। पुरुष वर्ग में संस्कार सिंह लिल्हारे, शुभम नगपुरे, अतुल नगपुरे, राजकुमार शेंडे, देवेश बिसेन, सत्यम राजुकर, विजय धार्मिक, उमेश धार्मिक, रोहित धुर्वे, शैलेंद्र इडपाचे ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया। इसी तरह महिला वर्ग में सुरभि मिश्रा, रूपाली कुर्वेती, राजनंदिनी पंचेश्वर, प्रीति लांजेवर, पूजा बिसेन, प्रतीक्षा पताहे, मोनाली भगत, फूलवंता उइके, दिलेश्वरी लिल्हारे ने महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

मैच रेफरी का दायित्व प्रभात सेठ ने निभाया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता एवं अखिल भारतीय प्रतियोगिता हेतु टीम का चयन किया जाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ सरिता कोल्हेकर, अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल बिसेन, अन्य अतिथि के रूप में विभिन्न महाविद्यालय से उपस्थित क्रीड़ा अधिकारीगण डॉ अनिल कुमार झडबड़े, डॉ के सी बापू राउर, डॉ ऋषिकेश पटेल, अधीर घोड़ेश्वर, डॉ विनोद ठाकुर, डॉ मनोज खरोले, डॉ कविता क्षीरसागर, डॉ लीलाधर चाचाने, डॉ ललित कामड़े, मनीष शिवहरे खेल विशेषज्ञ एवं महाविद्यालय की क्रीड़ा समिति के समस्त सदस्य, समस्त सहायक प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, जन भागीदारी शिक्षक, आउटसोर्स कर्मी एवं जनभागीदारी कर्मी उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रो कृष्णा पराते द्वारा किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय शारीरिक शिक्षा एवं क्रीड़ा विभाग द्वारा किया गया।

## धीमा जहर उगल रहा उष्णा प्लांट : पूर्व सांसद ने सुनी वार्डवासियों की पीड़ा, सहायक यंत्री ने देखी हकीकत

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



बालाघाट जिले के कटंगी में पाथरवाड़ा रोड़ पर संचालित संत जयराम दास राइस मिल का उष्णा प्लांट धीमा जहर उगल रहा है। इस प्लांट से निकलने वाली काली राख और प्रदूषित पानी ने स्थानीय रहवासियों का जीवन नर्क से भी बदतर बना दिया है। प्लांट से निकलने वाली काली राख से आस-पास रहने वाले लोगों को श्वास, मस्तिष्क, हृदय, त्वचा और आंखों से जुड़ी बीमारियां हो रही है। सबसे बुरा असर बच्चों, महिलाओं और बुजूर्गों के जीवन पर पड़ रहा है। इनका घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं दूसरी तरफ प्रदूषित पानी आस-पास कृषि भूमि को बंजर कर रहा है। एसडीएम न्यायालय दंडाधिकारी रोहित बम्होरे और एसडीएम कामिनी ठाकुर ने अलग-अलग वक्त पर फैसला सुनाते हुए इस प्लांट को बंद करने के आदेश जारी किए थे। बावजूद इसके प्लांट का अवैध तरीके से बेखौफ होकर आज भी संचालन कर रहा है। दरअसल, प्लांट संचालक ने एसडीएम न्यायालय के आदेश को प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश के यहां चुनौती दी थी। जिसकी सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने प्लांट संचालक को 1 लाख रुपए की जमानत एसडीएम न्यायालय में प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे किंतु प्लांट संचालक ने इस आदेश की भी अवमानना करते हुए प्लांट का संचालन जारी रखा है। सोमवार को पूर्व सांसद कंकर मुंजारे और पर्यावरण प्रेमी राजा लिल्हारे ने वार्डवासियों की शिकायत पर वास्तविकता का जायजा लिया था। वार्ड के लोगों ने बताया कि चंदन पटले नाम के एक व्यक्ति की इस प्लांट से निकलने वाली प्रदूषण से मौत हो गई थी। पूर्व सांसद ने स्थिति को देखने के बाद जिले की सांसद भारती पारधी, कटंगी विधायक गौरव सिंह पारधी को आड़े हाथ लिया। प्लांट संचालक को पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन के साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त होने का आरोप शिकायतकर्ताओं के द्वारा लगाया जाता है।

मंगलवार को मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के सहायक यंत्री संजय वर्मा ने फिर एक बार उष्णा प्लांट का निरीक्षण किया। उष्णा प्लांट से निकलने वाले प्रदूषित जल की गंदी बदबू और काली राख से होने वाली शिकायतों को लेकर वार्डवासियों ने सीएम हेल्पलाइन में शिकायत की थी। इन शिकायतों के आधार पर सहायक यंत्री स्थल पंचनामा तैयार करने के लिए कटंगी आए। शिकायतकर्ताओं की शिकायत पर सहायक यंत्री ने जब खेतों का निरीक्षण किया तो खेतों में उष्णा प्लांट से निकलने वाली काली राख दिखाई। वहीं प्लांट के नजदीक ही खेत में प्रदूषित जल भरा पाया गया। इस दौरान जब सहायक यंत्री ने प्लांट संचालक के प्रतिनिधि के तौर पर मौजूद राज देशमुख से स्थल पंचनामा में हस्ताक्षर करने के लिए कहा कि उन्होंने हस्ताक्षर करने से साफ इंकार कर दिया।

शिकायतकर्ताओं की माने तो करीब एक दशक से उष्णा प्लांट का अवैध तरीके से संचालन हो रहा है। प्लांट के संचालन के लिए जो मानक तय किए गए है उन पर यह प्लांट खरा नहीं उतरता और आबादी के बीच में प्लांट का संचालन होने से लोगों की सेहत पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। प्लांट के संचालन के लिए तय शर्ते पूरी नहीं की गई और नगर परिषद से कोई अनुमति नहीं ली गई। मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की मिलीभगत से उष्णा प्लांट संचालित हो रहा है। आज जब सहायक यंत्री से उष्णा प्लांट के संचालन की बोर्ड से अनुमति ली गई है या नहीं यह सवाल पूछा गया तो वह इस सवाल को टालते हुए नजर आए। कथित तौर पर अवैध तरीके से संचालित होने वाले उष्णा प्लांट की शिकायत नगर परिषद से लेकर तहसीलदार, एसडीएम, कलेक्टर, विधायक, सांसद, मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री से की गई लेकिन लोगों की जान का दुश्मन बना यह प्लांट आज तक बंद नहीं हो पाया है। इस पूरे मामले में अफसरों की भूमिका संदेहों से घिरी हुई है और प्रशासनिक लापरवाही के कारण विवाद समाप्त नहीं हो पा रहा है।

### दशकों पुराना आम का पेड़ धराशायी, बड़ी घटना टली

## लांजी-आमगांव मार्ग पर डिवाईडर निर्माण के दौरान हादसा



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** कायाकल्प योजना से नगर के मुख्य मार्गों का चौड़ीकरण कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत लांजी-आमगांव मार्ग पर डिवाईडर निर्माण कार्य के दौरान दशकों पुराना एक आम का पेड़ शाम 6 बजे के लगभग धराशायी होकर गिर गया जिससे क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था भी अवरूद्ध हो गई। गनीमत तो यह रही ही जिस समय पेड़ धराशायी हुआ शाम का वक्त था अन्यथा किसी बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता। उक्त पेड़ के पास ही एक छात्रावास और शासकीय स्कूल भी है, साथ ही इस मार्ग से आवागमन भी प्रारंभ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार निर्माण कंपनी के कर्मचारियों द्वारा डिवाईडर के पास एक पुलिया में पाईप डालने के लिये जेसीबी लगाई गई थी तथा इसके पूर्व पुलिया निर्माण के समय से लगातार उक्त स्थान पर खुदाई प्रारंभ थी जिससे आम के पेड़ की जड़ कमजोर हो चुकी थी। वहीं पेड़ काफी पुराना होने के कारण उसकी जड़ों में दीमक लगने के कारण पेड़ धराशायी हो गया। घटना की जानकारी लगते ही नगर परिषद का अमला मौका स्थल पर पहुंचा और पेड़ को हटाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया था और क्षेत्र के विद्युत व्यवस्था भी सुचारू करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सेवती उपार्जन केंद्र का मामला, तीसरी आंख में भी झोंक रहे धूल

## धान खरीदी केंद्र में बड़ी लापरवाही: तौली गई बोरी से निकाल रहे धान

हरिभूमि न्यूज लांजी।



सरकार एक ओर किसानों को राहत देने के लिए धान खरीदी को लेकर सख्त रूख अपनाए हुए हैं। किसानों को सही मूल्य मिल सके, और उनके साथ धोखाधड़ी न हो इसके लिए प्रत्येक उपार्जन केंद्र में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जिससे किसानों की उपज की 24 घंटे निगरानी की जा सके। परंतु इन सबके बीच समितियों में ही किसानों को लूटने काम हो रहा है। यहां पर लगभग लांजी-किरनापुर के प्रत्येक उपार्जन केंद्र में हर बोरी में किसानों से 300 से 400 ग्राम अतिरिक्त धान की वसूली हो रही है। अधिकारी तौल में अधिक धान लिए जाने की घटना से इंकार कर रहे हैं। वहीं लाखों क्विंटल धान समितियों में फंसा हुआ है। इतना अधिक धान हो गया है कि रखने की जगह कम पड़ गई है। वहीं किरनापुर विकासखंड अंतर्गत सेवती के उपार्जन केंद्र में देखा गया की कर्मचारियों द्वारा तौली गई धान से वापस धान निकालकर अन्य धान की बोरियों में पलटाकर उसकी खानापूर्ति की जा रही है। इस संबंध में कर्मचारियों से सवाल किया गया तो उनके द्वारा बताया गया की उक्त बोरियों का तौल हो चुका है। केंद्र प्रभारी दामोदर पांचे के अनुसार उक्त धान का तौल नहीं हुआ था जबकि बातो-बातों में कर्मचारियों ने खुद स्वीकार किया की जिन बोरियों से उनके द्वारा धान की पलटी की जा रही है उनकी तौल हो चुकी है जिसका जीता जागता प्रमाण उक्त बोरियों के ढेर के बाजू में होने वाला सिलाई कार्य था। क्योंकि बोरियों की सिलाई तौल होने के बाद ही की जाती है न की तौल के पहले।

**प्रतिदिन सैकड़ों क्विवंटल धान की अफरा-तफरी:** लांजी-किरनापुर विकासखंड में के उपार्जन केंद्रो में रोजाना हजारों क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है ऐसे में प्रत्येक बोरी में 300 से 400 ग्राम ज्यादा धान तौलने के आदेश केंद्र प्रभारियों द्वारा कर्मचारियों को दिये गये हैं ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है की रोजाना ही सैकड़ों क्विंटल धान की अफरा तफरी किसानों की आंखों और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की जा रही है परंतु प्रशासन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। कुछ किसानों ने नाम प्रकाशित न करने की शर्त पर बताया की धान खरीदी में तैनात कर्मचारियों द्वारा अधिकारियों के निरीक्षण के पूर्व ही किसानों को उनके सामने कुछ भी शिकवा शिकायत न करने के लिये धमका दिया जाता है और शिकायत करने पर खरीदी में लेट लतीफी के साथ-साथ बारदाने देने में भी आनकानी की जाती है।

## हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

नूतन वर्ष के प्रथम मंगलवार 6 जनवरी को खैरलांजी मुख्यालय के गांधी चौक स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ श्रदालुगंणो के द्वारा हनुमान जी की पूजा अर्चना की गई। और सबके लिए सुख समृद्धी के लिए भगवान हनुमान जी से प्रार्थना की गई। जिसके बाद श्रदालुओ के द्वारा भक्तिभाव से कार्यक्रम का आगाज किया गया और सुंदरकांड पाठ की भक्तिमय प्रस्तुती दि गई। । बताया गया की हर वर्ष हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन होता है। सभी भक्तजन मिलकर इस कार्यक्रम को सहयोग प्रदान करते है। हनुमान जी के भजन व भक्तिमय गीत संगीत के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ और प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिवचरण मसकरे, भैयालाल लिल्हारे, अजबसिंह कृपगये, राजकुमार बहेटवार, मधुकर पोरगड़े,बंसी करकाडे,हिरा मचाने, लालाजी मचाडे, सरविस मसकरे, शिवलाल भोरजार काका, गणेश मसकरे सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## आज नगर मे आंशिक रूप से होगी पेयजल सप्लाई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** एतद द्वारा समस्त आम नागरिको को सूचित किया जाता है कि पुरानी नवीन जलावर्धन योजना बबरिया प्लांट में सी.एल.एफ. की सफाई हेतु दिनांक 06/01/2026 को सुबह 09:00 बजे से शाम 06:00 बजे डायरेक्ट सप्लाई, टंकी सप्लाई प्रभावित रहेगी। जिसके कारण नगर की पानी टंकियों में मरण होना बंद हो जायेगा। इस कारण दिनांक 09/01/2026 को डायरेक्ट एवं टंकी से जुडे क्षेत्रों में पेयजल आंशिक रूप से सप्लाई होगी। अतः समस्त नागरिकों से अपील है कि कम से कम 01 दिवस का पानी संग्रहण करके रखा जावे । आम नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिए नगर पालिका परिषद सिवनी खेद व्यक्त करती है।

## आईटीआई सिवनी में 8 जनवरी को होगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला रोजगार कार्यालय सिवनी एवं शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 08 जनवरी 2026, गुरुवार को प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक शासकीय आईटीआई सिवनी में मुंद्रा सोलार प्राइवेट लिमिटेड अडानी सोलार, कच्छ गुजरात द्वारा ट्रेनीज की भर्ती हेतु एक दिवसीय प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है।

जिला रोजगार अधिकारी सिवनी ने बताया कि प्लेसमेंट ड्राइव में 18 से 28 वर्ष आयु के इच्छुक पुरुष आवेदक भाग ले सकते हैं, जिन्होंने आईटीआई फिटर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलीकम्युनिकेशन, टर्नर, एम.एम.वी., डीजल मैकेनिक, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रीशियन, वेल्डर, मैकेनिकल अथवा डिप्लोमा/स्नातक डिग्री उत्तीर्ण की हो। चयनित आवेदकों को न्यूनतम 17,085/- रुपये प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8962728566 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले आवेदकों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# विद्यार्थी परिषद के नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री सुव्रत बाझल जैन के प्रथम नगर आगमन पर हुआ भव्य स्वागत



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नवनिर्वाचित प्रदेश मंत्री श्री सुव्रत बाझल जैन का विगत शाम प्रथम नगर आगमन हुआ। इस अवसर पर परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा मालवीय चौक पर ढोल-नगाड़ों और आतिशबाजी के साथ उनका भव्य स्वागत किया गया।कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और ऊर्जा देखी गई, जहां 'भारत माता की जय' के नारों के साथ पूरा चौक गूंज उठा। स्वागत कार्यक्रम के तत्पश्चात सभी कार्यकर्ताओं ने पूज्य माता बगलामुखी के मंदिर पहुंचकर प्रदेश मंत्री के साथ दर्शन किए और आशीर्वाद प्राप्त किया।इस अवसर पर मुख्य रूप से संस्कार पोल, पुष्कर शुक्ला, तुषार पाण्डेय, अथर्व मिश्रा, उदय मिश्रा, तरुण संशा, तेजस्व श्रीवास, शैलेश श्रीवास, आयुष श्रीवास, ऋषभ पटेल, सिद्धांत लोधी, मुहम्मद गयाज़, अक्ष मेश्राम, पवन सहित बड़ी संख्या में अन्य कार्यकर्ता

## श्रमजीवी पत्रकार परिषद का जिला स्तरीय सम्मेलन आज

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद सिवनी का जिला स्तरीय सम्मेलन 07 जनवरी 2026 बुधवार को प्रातः 10 बजे से स्थानीय राशी लॉन बारापत्थर सिवनी में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में जिला मुख्यालय सहित विकासखंड मुख्यालय एवं ग्रामीण अंचलों में पत्रकारिता करने वाले पत्रकारबंधु शामिल होंगे। राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद सिवनी के जिला अध्यक्ष शरद दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला स्तरीय सम्मेलन में मुख्य आतिथि के रूप में सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन, बरघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक कमल मर्सकोले, केवलारी विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठा. रजनीश सिंह, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुजीत जैन उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष परमानंद तिवारी के द्वारा की जायेंगी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले, जिला पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता, भाजपा नेता संतोष अग्रवाल, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के राष्ट्रीय संयोजक नलिनकांत बाजपेयी, श्रमजीवी पत्रकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश दुबे ही होंगे।

इसी तरह कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में परिषद के राष्ट्रीय सचिव देवशंकर अवस्थी, प्रदेश महासचिव विलोक पाठक, प्रदेश संगठन महासचिव अनुरोध पटेरिया, प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव उपाध्याय, संभागीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ माता सरस्वती एवं दुनिया के प्रथम पत्रकार देवऋषि नारद की पूजन अर्चन से होगा। इसके पश्चात सरस्वती वंदना,

## बंडोल विशाल हिंदू सम्मेलन की कलशयात्रा का हुआ स्वागत



हिंदू वेशभूषा में महिलाओं ने कलश की अगवानी की और बाजार चौक हनुमान मंदिर से कलश का पूजन किया। इसके बाद, धर्म ध्वज के साथ ढोल बाजे के साथ नाचते कूदते राम राम के जयकारे लगाते जय जय श्री राम के नारे लगाते सत्य सनातन धर्म की जय बोलते यात्रा निकली।

यात्रा ने नगर भ्रमण करते हुए पंडोल बस स्टैंड होते हुए नगर के अन्य मोहल्लों में घूमते हुए अनेक हिंदू घरों में यात्रा का स्वागत किया गया। हर घर के सामने तिलक लगाकर कलश यात्रा का सम्मान किया गया और पुष्प वर्ष की गई।कलश यात्रा पर साथी महिलाओं ने राम राम के गीत और हनुमान चालीसा का पाठ करके यात्रा का समापन बजारी मंदिर में किया और वहीं पर कलश की स्थापना की गई। इसके पश्चात, 10 कलश और बनाकर उन्हें अलग-अलग ग्रामों म के लिए ढोल बाजे के साथ पहुंचाया जाएगा वहां भी ऐसे ही स्वागत अभिनन्दन होगा । इस हिंदू सम्मेलन कलश यात्रा कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ हिंदू नागरिक और महिला मंडल की अहम भूमिका रही।।

## 12 वर्षीय बच्ची की नहर में बहने से मौत, 50 फीट नहर से बरामद किया गया शव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

सिवनी/नरेला : कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नरेला में शनिवार शाम एक हृदयविदारक हादसे में 12 वर्षीय बच्ची की नहर में बहने से मौत हो गई। मृतक बच्ची की पहचान आशी पिता संतोष भलाबी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आशी अपनी एक सहेली के साथ नहर किनारे हाथ धोने गई थी। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह नहर में गिर गई और तेज बहाव में बह गई। यह पूरा घटनाक्रम उसकी सहेली के सामने हुआ, जो घबराकर तुरंत गांव पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन, ग्रामीण और प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा। घटना की गंभीरता को देखते हुए एनडीआरएफ की टीम, गोताखोर एवं राजस्व विभाग के अधिकारी तत्काल सर्च ऑपरेशन में जुट गए। मौके पर नायब तहसीलदार पाठक, हल्का पटवारी देवेंद्र नवरेती, आरआई अनिल मिश्रा, योगेश बघेल सहित



बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बताया गया कि हादसा शाम करीब 5.30 बजे हुआ। प्रशासन द्वारा चलाए गए सघन तलाश अभियान के दौरान बच्ची का शव घटनास्थल से लगभग 50 फीट दूर 8 बजे नहर से बरामद किया गया।

घटना के बाद पूरे ग्राम नरेला में शोक का माहौल है। मासूम बच्ची की असमय मौत से गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मौतों के बाद जागा प्रशासन पेयजल स्रोतों की मॉनिटरिंग एवं पेयजल की गुणवत्ता की जांच शुरू

**हरिभूमि न्यूज केवलारी।**

स्वच्छ शहर का दर्जा प्राप्त इंदौर शहर में बीते दिनों में नगर निगम के द्वारा सप्लाई होने वाले पेयजल में सीवर के सीपेज से संक्रमित जल के सेवन से 15 मोतो का तमाशा विभागीय मंत्री ने घंटा बजाकर किया। जिसका विरोध समूचे राष्ट्र में हो रहा है जिस हिसाब से विरोध दर्ज कर मंत्री पद से मंत्री को हटाया जाना चाहिए इस मुद्दे पर विपक्ष पूरी तरफ फैल हो गया।संक्रमित पानी पीने से हुई मोतो से मंत्रालय भोपाल ने पत्र की क्रमांक 30/ 2026 दिनांक 2/1/ 2026 जारी कर समस्त विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया कि नल जलप्रदाय योजनाओं से प्रदाय होने बाले पेयजल की गुणवत्ता की मानीटिरिंग की जाए,जल स्त्रोतो से चल रही परियोजनाओं के जल का परीक्षण



कर गुणवत्तापूर्ण जल सप्लाई व्यवस्था लागू की जाए, इसी परिपेक्ष्य में दिनांक 5.1.2026 को श्रीमती सुनीता देवीसिंह बघेल अध्यक्ष नगर परिषद, श्याम गोपाल भारती मुख्य नगर पालिका अधिकारी, धीरेंद्र पुसाम कार्यालय अधीक्षक, पुरुषोत्तम बघेल, नीलिमा नितिन बघेल, प्रशांत तिवारी पार्षद, मयंक बघेल प्रभारी लोक निर्माण विभाग ने इंटेकवेल केवलारी, जल स्त्रोत बेनगंगा नदी का दौरा कर साफ सफाई, जल परीक्षण करने के निर्देश दिए। यदि यही काम समय-समय पर होता रहे तो ऐसी घटनाये की पुनरावृति ना हो लेकिन प्रशासन जब घटना घट जाती है जब जागता है।

## धूमा में महाविद्यालय स्वीकृत करने मुख्यमंत्री कार्यालय ने माँगी रिपोर्ट



**हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया। लखनादौन।** क्षेत्र विकास संगठन धूमा के अध्यक्ष हिमांशु(मोनू)तिवारी एवं संगठन के साथियों ने बिगत दिनों मा.मुख्यमंत्री जी को धूमा में महाविद्यालय खोले जाने को लेकर ज्ञापन सौपा था। जिसमें मुख्यमंत्री के कार्यालय ने आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के माध्यम से प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय महाविद्यालय सिबनी से रिपोर्ट मांगी जिसमें शासकीय प्रधानमंत्री महाविद्यालय सिवनी के प्रचार्य डॉ रविशंकर नाग ने आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग सतपुड़ा भवन भोपाल को प.क्र./3497/3025 आवश्यक कार्यवाही हेतू पत्र प्रेषित किया गया साथ ही अपनी कार्यबाही से सिबनी जिला कलेक्टर एवं क्षेत्र विकास संगठन अध्यक्ष हिमांशु (मोनू)तिवारी को पत्र भेजकर सूचित किया गया।

धूमा में महाविद्यालय खुलता हैं तो यह धूमा क्षेत्र के लिये बड़ी उपलब्धि होंगी आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र होने के साथ रोजगार के साधन ना होने के कारण क्षेत्र के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। यदि क्षेत्रीय सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते, एवं विधायक योगेंद्रसिंह (बाबा), अब इस फाईल में अब थोड़ा सा भी ध्यान देंगे तो बहुत जल्द महाविद्यालय संचालित होते धूमा में दिखेगा।

## तीन विद्यालय के विद्यार्थियों को विधायक, दिनेश राय मुनमुन द्वारा स्वेटर वितरित की गई

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी में दिनांक 06-01-2025 को दूसरी बार स्वेटर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस बार माननीय विधायक दिनेश राय जी मुनमुन की ओर से जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित की गई। महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी की 50 छात्राओं, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के 50 एवं शासकीय हाई स्कूल बींझावाड़ा के 10 विद्यार्थियों को स्वेटर का निःशुल्क वितरण किया गया। प्राचार्य महेश गौतम द्वारा बताया गया कि इसके पूर्व दिनांक 19-12-2025 को भी विधायक मुनमुन राय जी के मुख्य आतिथ्य में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी के 90 विद्यार्थियों को शाला की ओर से स्वेटर वितरित की गई थीं, उसी दिन माननीय विधायक जी द्वारा उनकी ओर से भी जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित करने की मंशा



जाहिर की गई थी। विधायक का उद् बोधन विधायक द्वारा अपने उद् बोधन में कहा गया कि मैं अपने विधान सभा के सभी जरूरतमंद बच्चों की मदद करना चाहता हूँ। तीनों विद्यालयों के उपस्थित विद्यार्थियों को सीख देते हुए बताया गया कि आपने मनुष्य जीवन पाया है, तो जीवन में कुछ अच्छा करिए। आज की पीढ़ी के कई बच्चे गलत संगत में पड़ जाते हैं और अपना जीवन को बर्बाद कर लेते है। इसलिए आप अपने जीवन को संवारने के साथ-साथ दूसरे के जीवन को भी संवारने में भी अपना योगदान देवें। परीक्षा के संबंध में उनके द्वारा बताया गया कि विद्यार्थी जीवन के बाद ऐसा अवसर दोबारा नहीं मिलता है इसलिए आप अच्छा अध्ययन करें और परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करें। परीक्षा में लिखावट का भी अपना महत्व होता है इसलिए परीक्षा में आपकी लिखावट साफ-सुथरी एवं सुंदर होना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा विधायक महोदय एवं शाला परिवार का आभार व्यक्त किया गया। अंत में राष्ट्रगान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### आंगनबाड़ी के पीछे स्थित खेत में चल रहा था हार जीत का खेल

# कुरई पुलिस ने दी दबिश, 20 जुआरी पकडायें, 1,04,760 रुपये जप्त

सिवनी/कुरई : जिले में जुआ-सट्टा पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता (भा.पु.से.) के निर्देश पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस ललित गठरे के मार्गदर्शन में थाना कुरई पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

मुखबिर की सूचना पर दिनांक 04-05 जनवरी 2026 की दरम्यानी रात ग्राम दुर्गापुर में आंगनवाड़ी के पीछे स्थित खेत में थाना कुरई पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दबिश दी गई। मौके पर रुपये-पैसे का दांव लगाकर हार-जीत का जुआ खेलते हुए 20 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया, जबकि कुछ जुआरी अंधेरे का फायदा उठाकर जंगल की ओर फरार हो गए। पुलिस ने जुआ फड़ से नगद 1,04,760 रुपये, 52 ताश के पत्ते, एक टॉर्च एवं एक बड़ी चटाई जप्त की है। पकड़े गए सभी जुआरियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। पकड़े गए आरोपियों मे मोह. इरशाद पिता नजीर खान (37)ग्राम खवासा, थाना कुरई सचिन पिता रामप्रसाद उईके (37)ग्राम मेटेवानी, थाना कुरई रूपेश पिता केशवराव शेंड ग्राम देवलापार, जिला नागपुर टीकराम पिता सुमरलाल उईके (32) बेलदा रोड, देवलापार, नागपुर लबकुमार पिता हरिप्रसाद कुमरे (30) ग्राम पिपरिया, थाना कुरई जुम्मुन पिता इब्राहिम पठान (22) बेलदा रोड, देवलापार संजू पिता बलमा उईके (27)ग्राम बारापत्थर खवासा राहुल पिता रामभगत मालवी (24) ग्राम बारापत्थर खवासा शेख आविद पिता शेख अहमद (35) बाजार चौक खवासा श्यामराव पिता फागूलाल डहरवाल (49) ग्राम दुरिया लोकेश पिता बाबूराव लेंगे (35) रामटेक, नागपुर संजय पिता रामकिशन विश्वकर्मा (33) ग्राम मेटेवानी सारंग पिता जानेधार कूथे (35) देवलापार, नागपुर मधुकर पिता किशनलाल जामनपाने (48) ग्राम करवई, नागपुर शकील पिता छोटे मियां शेख (32) देवलापार करीम पिता रशीद खान (32) देवलापार शारुख पिता राजा खान (32) कोलार रोड, भोपाल सुरेश पिता शिवा मडावी (46) हिवराबाजार, नागपुर ताहिर पिता अनवर हुसैन (40) ग्राम खवासा मिलिंद पिता रमेश जायसवाल (42) देवलापार, नागपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जिले में जुआ-सट्टा जैसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान आगे भी सख्ती से जारी रहेगा।

## इधर, गुण्डा बदमाशो पर डूण्डासिवनी पुलिस की सक्त कार्यवाही 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिवनी।** थाना प्रभारी डूण्डासिवनी चैनसिंह उइके द्वारा उक्त सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुये पूर्व में भी गुण्डा बदमाशो पर सक्रियता से कार्यवाही की जाती रही है।

दिनांक 06/01/2025 को प्रार्थिया ममता यादव पति संतोष यादव उम्र 45 साल निवासी भवानी चौक टैगोर वार्ड थाना डूण्डासिवनी ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि फरहान खान, हाकिम खान, इमरान खान आदिल खान एवं अन्य साथी 20-25 लोगो द्वारा एक राय होकर अपने हाथो में तलवार, डंडे, राड से सुसज्जित होकर प्रार्थिया के पुरानी बुराई को लेकर घर में घुसकर मां बहन की गंदी गंदी गालियां देकर प्रार्थिया के लडक़े हर्षित यादव को घर में ढूढने लगे एवं घर की खिडक़ी एवं मोटरसायकल में तलवार डंडो से तोडफ़ोड़ करने लगे सभी गुस्से में इतने आक्रोशित थे कि यदि प्रार्थिया का लडक़ा घर में मिलता तो निश्चित ही उसकी हत्या कारित कर देते की रिपोर्ट पर थाना डूण्डासिवनी में अप.क्र. 05/26 बीएनएस की सुसंगत धाराओ मे अपराध पजीबध्द कर विवेचना मे लेकर तत्काल टीम गठित कर आरोपीयों की तलाश पता साजी की जाकर 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आदेशित करने पर 11 आरोपीयो को जिला जेल सिवनी में निरुध्द किया गया।

# कोहिनूर एवं हनी रेस्टोरेंट का खाद्य पंजीयन निलंबित, जारी किया गया इंप्रूवमेंट नोटिस

### सिवनी एवं छपारा स्थित विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का किया गया औचक निरीक्षण

**कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग सिवनी द्वारा सतत खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर विभिन्न खाद्य पदार्थों के गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु नमूना लेने की करवाई की जा रही है।**



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

खाद्य निरीक्षक द्वारा बताया गया कि विगत दिवस नटराज स्वीट्स से समोसे, मगज के लड्डू, नमकीन, सेव, केसर पेड़ा का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया। कोहिनूर रेस्टोरेंट से पनीर, मूंगफली तथा हनी फैमिली रेस्टोरेंट से आटा चावल का नमूना गुणवत्ता जांच हेतु लिया गया।

कोहिनूर एवं हनी रेस्टोरेंट के निरीक्षण के दौरान खाद्य सामग्री अस्वस्थ परिस्थितियों में पाए जाने एवं निर्माण करने, किचन में साफ सफाई की कमी तथा वेज एवं नॉनवेज खाद्य सामग्री का भंडारण तथा निर्माण एक ही स्थल पर किए जाने के कारण उक्त दोनों प्रतिष्ठानो खाद्य पंजीयन निलंबित कर खाद्य सुरक्षा मानव अधिनियम 2006 की धारा 32 के अंतर्गत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया तथा खाद्य सेवाओं को प्रतिबंधित किया गया। जांच दल द्वारा खाद्य कारोबार कर्ताओं को स्वच्छ वातावरण में गुणवत्ता युक्त खाद्य सामग्री निर्माण एवं भंडारण करने के निर्देश दिए गए।

## माँ नर्मदा की विधिवत पूजन-अर्चना कर भोजन प्रसाद का पावन आयोजन किया गया

नर्मदा परिक्रमावासी मुरली विश्वकर्मा के सकुशल नर्मदा परिक्रमा पूर्ण कर अपने गृहग्राम बम्होडी लौटने के उपलक्ष्य में आज माँ नर्मदा की विधिवत पूजन-अर्चना कर भोजन प्रसाद का पावन आयोजन किया गया।

इस पुण्य अवसर पर नगर के सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की गरिमा उस समय और बढ़ गई जब नगर के प्रथम नागरिक बलराम गोल्हानी , श्री राम मंदिर ट्रस्ट लखनादौन के अध्यक्ष आनंद तिवारी , संचालक अजय शुक्ला , गजाधर श्रीवास्तव , मुकेश यादव , रघुबीर शरण त्रिवेदी , पं. अन्नु पांडे , गणेश सोनी , प्रकाश साहू यशवंत मामा विजय गोल्हानी सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर शिक्षक गजाधर श्रीवास्तव द्वारा रचित नर्मदा परिक्रमावासियों विषयक भावपूर्ण रचना का पठन किया गया, जिसे सुनकर समस्त श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

### भूमि पूजन एवं ध्वज रोपण सम्पन्न

# 18 जनवरी विशाल हिन्दू सम्मेलन

5 जनवरी दोपहर 2 बजे ग्राम हथनापुर के पंचायत भवन के पास स्थित प्रांगण में क्षेत्रीय धर्म प्रेमी बंधुओं की पावन उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 18 जनवरी दिन रविवार को होने वाले विशाल हिन्दू सम्मेलन का हुआ भूमि पूजन, साथ ही ध्वज रोपण कर सनातन धर्म एवं भारत माता का जय घोष से प्रांगण गूंज उठा।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

उपस्थित जनों ने सहपरिवार इस कार्यक्रम में हिस्सा लेने का निर्णय लिया है,विभिन्न ग्रामों में प्रभात फेरी निकाली जाएगी साथ ही पीले चावल के द्वारा निमंत्रण भी दिया जायेगा,आमंत्रण पत्र भी बांटे जायेंगे। आगामी 18 जनवरी को होने वाले विशाल हिंदू समागम में मुख्य वक्ता



के रूप में गीता महामनीषी सद्गुरुचरणानुरागी ब्रह्मचारी निर्विकल्प स्वरूप महाराज का उद्बोधन प्राप्त होगा।विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सहभोज का आयोजन भी हिन्दू सम्मेलन आयोजन समिति ने रखा है।साथ ही समस्त हिंदू भाईयों बहिनों से एक दिन का समय निकालने का आग्रह आयोजन समिति ने किया है।

## कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन
# अकाउंटेंट के दुर्व्यवहार से आशा पर्यवेक्षकों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट में आशा पर्यवेक्षकों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएससी खैरलांजी में पदस्थ अकाउंटेंट ने मानदेय की जानकारी मांगने पर उनके साथ बदसलूकी की। पर्यवेक्षकों ने अकाउंटेंट पर कार्रवाई करने और पांच माह से लंबित मानदेय का भुगतान किए जाने की मांग की।

आशा पर्यवेक्षक ललिता सुलाखे ने बताया कि सीएससी खैरलांजी में पीसीएम सर ने आशा पर्यवेक्षकों की बैठक ली थी। इसके बाद वे सभी अकाउंटेंट के कक्ष में मानदेय की जानकारी लेने पहुंची थीं। वहां अकाउंटेंट ने उन्हें देखकर आक्रोशित होते हुए 'बदतमीज' कहा और कक्ष से बाहर निकाल दिया।

अकाउंटेंट ने कथित तौर पर यह भी कहा कि मानदेय के बारे में जानना है तो जिला कार्यालय जाकर बात करें। उन्होंने बीएमओ से सभी की शिकायत कर काम बंद करवा देने की धमकी भी दी।

आशा पर्यवेक्षकों ने बताया कि अकाउंटेंट के इस तरह के व्यवहार से उनके आत्म-सम्मान को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि अगस्त से मानदेय नहीं मिलने के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। काम करने के बावजूद मानदेय न मिलने से उन्हें उधार या कर्ज लेकर गुजारा करना पड़ रहा है।

पर्यवेक्षकों ने प्रशासन से मांग की है कि उनका महीनों से रुका हुआ मानदेय जल्द से जल्द जारी किया जाए। साथ ही, उन्होंने अकाउंटेंट के अनुचित व्यवहार पर उचित कार्रवाई करने की भी अपील की।

# मिरेगांव के पूर्व सरपंच के घर चोरों का धावा, गला दबाकर लूट को दिया अंजाम

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।




बालाघाट जिले में लालबर्रा के ग्राम मिरेगांव में देर रात पूर्व सरपंच छोटेलाल गौतम के घर नकाबपोश बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश घर में घुसकर मारपीट करते हुए नकदी और जेवर लेकर फरार हो गए।

घटना सोमवार रात करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। पूर्व सरपंच छोटेलाल गौतम के अनुसार, तीन अज्ञात बदमाश चेहरे ढके हुए और हाथों में डंडे लेकर उनके घर में घुस आए। बदमाशों ने उनसे पैसों की मांग की और विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की।

इस दौरान बदमाशों ने उनकी पत्नी के गले से सोने का हार छीन लिया। इसके साथ ही पूर्व सरपंच की जेब से रू1000 नकद और एक मोबाइल फोन भी ले गए। वारदात के बाद तीनों बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद गांव में डर का माहौल है। ग्रामीणों ने रात में गश्त बढ़ाने और बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने बताया- पूर्व सरपंच की शिकायत पर लूट का केस दर्ज किया है। पुलिस आसपास के इलाकों में पूछताछ कर रही है और बदमाशों की तलाश जारी है।

## बैगा महोत्सव 17–18 जनवरी को प्रगति मैदान में

**बालाघाट।** बैगा समाज की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने तथा पारंपरिक एवं लोक खेलों के संरक्षण और प्रोत्साहन के उद्देश्य से कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा बैगा महोत्सव का आयोजन 17 एवं 18 जनवरी को प्रगति मैदान मलाजखंड में किया जाएगा। इस महोत्सव के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताएँ चरणबद्ध रूप से आयोजित की जाएंगी। प्रारंभिक चरण में जोनल टूर्नामेंट का आयोजन 9 एवं 10 जनवरी को किया जाएगा, जिसमें 44 जोनों में विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएँ संपन्न होंगी। जो प्रतिभागी किसी कारणवश जोनल प्रतियोगिता में भाग नहीं ले पाएंगे, उन्हें ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता का अवसर मिलेगा। इसके तहत 11 जनवरी को ब्लॉक स्तरीय मुकाबले आयोजित किए जाएंगे।

# समर्थन मूल्य पर 49 लाख 92 हजार 935 क्विंटल धान की हुई खरीदी

**बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने के लिए प्रदेश शासन की उपार्जन नीति के अनुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में बालाघाट जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 01 दिसम्बर 2025 से की जा रही है, जो 20 जनवरी 2026 तक चलेगी। चालू सीजन में जिले में 06 जनवरी 2026 की शाम तक 99 हजार 346 किसानों से 1182 करोड़ 82 लाख 63 हजार 15 रुपए की 49 लाख 92 हजार 935 क्विंटल धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों से खरीदे गए धान का तेजी से उठाव कर गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। अब तक 85 प्रतिशत से अधिक धान का परिवहन किया जा चुका है। किसानों को 700 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि जिले में 185 धान खरीदी केंद्रो पर पंजीकृत किसानों से धान की खरीदी की जा रही है। खरीदी केंद्रो पर किसानों से खरीदी गई धान का तेजी से उठाव कर परिवहन किया जा रहा है और गोदामों में पहुंचाया जा रहा है। अब तक 40 लाख 72 हजार 215 क्विंटल धान का परिवहन कर गोदामों में पहुंचाया गया है, जो कि कुल खरीदी गई धान का 85 प्रतिशत है। अब तक किसानों को 700 करोड़ रुपए का भुगतान कर दिया गया है और यह राशि उनके खाते में पहुंच गई हैं।

## वाहन चालकों की समस्याओं को लेकर बैठक में हुई चर्चा
# राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का किया स्वागत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकुमार मलिक व संगठन के संस्थापक रघुवंश प्रसाद विश्वकर्मा का मंगलवार को बालाघाट आगमन हुआ। जिनकी मौजूदगी में राष्ट्रवादी चालक सेवा संगठन के जिला पदाधिकारियों की बैठक स्थानीय मोतीउद्यान में संपन्न हुई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारियों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष व संगठन के संस्थापक का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। बैठक में वाहन चालकों की समस्याओं व विभिन्न मुद्दों को लेकर चर्चा की गई। तत्पश्चात कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन भी दिया गया। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिक ने बताया कि ड्रायवरों के अनावश्यक चालान काट दिया जाता है। चालकों को प्रताड़ित किया जाता है और समय पर वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है। जिससे आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ड्रायवर का लायसेंस के आधार पर २० लाख रूपये का बीमा होना चाहिए। ड्रायवर को ६० वर्ष के बाद कम से कम ६ हजार रूपये प्रतिमाह पेंशन दिया जाए। उन्होंने कहा कि ड्रायवरों का काम काफी कठिन व जोखिम भरा होता है। खासकर जब वे सामान की ढुलाई करते है और लंबे समय तक सडक़ों पर यात्रा करते है। उन्होंने वाहन चालकों की समस्याओं को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया है। ज्ञापन के माध्यम से कलेक्टर से मांग रखी गई है। इसमें वाहन चालकों को सडक़ पर सुरक्षित रखने के लिये पुलिस प्रशासन से नियमित सुरक्षा जांच यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। इसके अलावा दुर्घटनाओं से बचने के लिये विशेष सुरक्षा अभियान चलाने की आवश्यकता है।

# शीत लहर को देखते हुए स्कूलों के समय में हुआ बदलाव

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में शीत ऋतु के दौरान तापमान में लगातार गिरावट को देखते हुए अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को देखते हुए कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने नर्सरी से कक्षा 8वीं तक की कक्षाओं के संचालन के समय मे परिवर्तन किया है।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, नवोदय, सीबीएसई एवं अनुदान प्राप्त शिक्षण संस्थाओं में नर्सरी से कक्षा 8वीं तक के विद्यार्थियों के लिए शाला संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। अब सभी संबंधित विद्यालयों का संचालन आगामी आदेश तक प्रातः 9.30 बजे के बाद ही किया जाएगा। इसके साथ ही दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालय विद्यार्थियों की सुविधा के अनुसार अपने संचालन की व्यवस्था करेंगे। वहीं, परीक्षाएं पूर्व निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि प्रातः 9.30 बजे से पहले कोई भी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय संचालित नहीं की जाएगी।

# विधायक अनुभा मुंजारे ने कांग्रेस पार्षद दल के साथ किया फिल्टर प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा आज 5 जनवरी को बूढ़ी स्थित फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया गया। साथ ही वहां से पानी सप्लाई की व्यवस्था का अवलोकन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस के पार्षददल भी शामिल रहे। नपा के सीएमओ सहित पेयजल व्यवस्था से जुड़े अधिकारी व कर्मचारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे। बता देवें कि इंदौर में दूषित पेयजल पीने से 16 लोगों की मौत होने के साथ ही दो सैकड़ा लोगों के गंभीर रूप से पीड़ति होने के मामला सामने आने के पश्चात नगरीय क्षेत्रों में प्रदाय हो रहे जल व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। बालाघाट नगरपालिका क्षेत्र के कुछ वार्डो में अच्छा पानी नहीं मिलने व पेयजल व्यवस्था ठीक नहीं होने को लेकर विधायक अनुभा मुंजारे के समक्ष कांग्रेस के पार्षदों व स्थानीय लोगों ने जानकारी प्रदाय की थी। जिसके चलते विधायक अनुभा मुंजारे ने कांग्रेस पार्षद दल के साथ सबसे पहले फिल्टर प्लांट का निरीक्षण किया। इसके साथ ही वार्ड नम्बर 13 सहित अन्य में पहुंचकर वार्डवासियों से भेंट की। पानी की स्थिति को लेकर जानने का प्रयास किया। इस संबंध में विधायक अनुभा मुंजारे ने बताया कि बालाघाट के बैनगंगा नदी के तट पर ढीमरटोला बूढ़ी में स्थित फिल्टर प्लांट में पहुंचकर निरीक्षण किया गया हैं। जहां पर पानी के फिल्टर की व्यवस्था व उपयोग किये जाने वाले एलम सहित अन्य सफाई व्यवस्था का जायजा लिया गया। कुछ कमियां पायी गई हैं। जिसके लिये निर्देशित किया गया और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के लिये कहा गया हैं। विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि शहर के कुछ स्थानों पर पाईप लाईन में रिसाव होने व नालियों के बीच से ले जाये जाने की शिकायत मिली हैं। नपा को इस ओर तत्काल ध्यान देने चाहिए। ताकि हमारे शहरवासियों को साफ व स्वच्छ पानी मिल सके। उन्होने कहा कि यह गंभीर बात हैं कि यहां पर नवीन पेयजल योजना का कार्य किया गया। लेकिन उससे साफ पानी प्रदाय नहीं हो रहा हैं। पुरानी पाईप लाईन से ही पानी प्रदाय हो रहा हैं। जिससे यही स्पष्ट हो रहा हैं कि नवीन पाईप लाईन के कार्य सही नहीं हुये है और उसमें अनियमितता कर भ्रष्टाचार किया गया हैं। जिसकी जांच होने चाहिए। विधायक ने कहा कि शहरवासियों को शुद्ध व साफ पानी मिले। इसमें किसी तरह की लापरवाही नही होने चाहिए। मौके पर ही नपा के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। इस अवसर पर नपा के पार्षदगण मौजूद रहे।

## एसडीएम जायसवाल ने जाति सेतु योजना से की अभिनव पहल प्रारंभ
# प्रत्येक मंगलवार को नागरिकों व विद्यार्थियों को मात्र 2 घंटे में मिलेगा केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** वारासिवनी अनुविभाग के नागरिकों व विद्यार्थियों को केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र बनवाने में आने वाली परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व/दंडाधिकारी कार्तिकेय जायसवाल ने जाति सेतु योजना प्रारंभ करने की अभिनव पहल नव वर्ष में प्रारंभ की है। जिससे हितग्राहियों को प्रत्येक मंगलवार को मात्र 2 घंटे में केन्द्रीय जाति प्रमाण उनके कार्यालय द्वारा उपलब्ध करवा दिया जायेगा।

इस नवीन योजना के संबंध में जानकारी देने के लिए अपनी पदस्थापना के बाद पहली बार एसडीएम श्री जायसवाल ने अपने नवीन कार्यालय भवन में पत्रकारों के साथ पत्रकार वार्ता की। उन्होंने बताया कि लालबर्रा, खैरलांजी व वारासिवनी तहसील के आवेदकों को केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र हासिल करने के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इस समस्या का समाधान निकालने के लिए अब नये कार्यालय परिसर में जाति सेतू नामक योजना प्रारंभ करने की पहल की गई है। जिसमें आवेदक एवं छात्र प्रत्येक मंगलवार को कार्यालय पहुॅच कर केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकेंगे और दो घंटे के भीतर जाति प्रमाण उनके हाथों में दे दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए आवेदक को दस्तावेज के रूप मे शपथ पत्र, पटवारी जॉच प्रतिवेदन एवं पंचनामा, स्वयं, पिता एवं दादा का स्कूल दाखिला प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मध्यप्रदेश राज्य का डिजीटल जाति प्रमाण पत्र, आवेदक का आधार कार्ड, समग्र आरूइ डी एवं कक्षा 10 वीं की अंकसूची की छाया प्रति के साथ आवेदन करना होगा।

एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ने बताया कि सभी दस्तावेज पूर्ण एवं सही पाए जाने पर प्रत्येक मंगलवार को आवेदकों को केवल दो घंटे में उनका केन्द्रीय जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाएगा।

# खैरलांजी में निशुल्क नेत्र शिविर का हुआ आयोजन, मरीज हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।

शासकीय सामुदायिक अस्पताल खैरलांजी में बीएमओ डॉ. खिलेंद्र पाल के मार्गदर्शन में 6 जनवरी मंगलवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया । इस दौरान निशुल्क नेत्र शिविर में 35 नेत्र रोगियो के द्वारा ओपीडी में पंजीयन कर अपने आंखो की निशुल्क जांच कर उचित परामर्श व उपचार प्राप्त किया । बताया गया की नेत्र चिकित्सक डॉ.टी.एस बिसेन के द्वारा आंखो के मरीजो की निशुल्क जांच की गई मरीजो को उचित परामर्श व उपचार प्रदान किया और चयनित नेत्र रोगियो को मोतियाबिन्द आपरेशन के लिए जबलपुर भेजा गया ।बताया की आगामी 13 जनवरी को पुन शासकीय अस्पताल खैरलांजी में शिविर आयोजित किया जाएगा।

# मॉयल कामगार संगठन के समर्थन से मॉयल लिमिटेड में अनुकंपा नौकरी हुई बंद-रामकृपाल खुरसेल



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** मार्यल जनशक्ति मजदूर संघ के अध्यक्ष रामकृपाल खुरसेल ने प्रेस नोट जारी कर मार्यल कामगार संगठन के समर्थन से मॉयल लिमिटेड में अनुकंपा नौकरी बंद होने का सनसनी पैदा कर देने वाला गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि मॉयल प्रबंधन ने मॉयल कामगार संगठन के साथ मिलकर कामगार कर्मचारियों के लिए षड्यंत्र रचा और मॉयल प्रबंधन ने इसे वर्ष 2025 के अंत में एक पत्र के जरिए जारी कर दिया है। जिसमें 01 जनवरी 2026 से मार्यल लिमिटेड में अनुकंपा नौकरी बंद कर दी गई है। रामकृपाल खुरसैल ने बताया कि अनुकंपा नौकरी से जुड़े विषय को लेकर मॉयल जनशक्ति मजदूर संघ ने नागपुर हाईकोर्ट पिटिशन कर रखी है जिसकी सुनवाई जारी और विचाराधीन है। इसके बावजूद मॉयल के पूर्व सीएमडी ने न्यायालय की अनदेखी करते हुए मॉयल कामगार संगठन के साथ मिलकर यह षडयंत्र रचते हुए अनुकंपा नौकरी नहीं देने का आदेश जारी कर दिया।

रामकृपाल खुरसैल ने मार्यल से जुड़े कामगार कर्मचारियों को आहवान करते हुए बताया कि इसके पहले भी मार्यल प्रबंधन ने मॉयल लिमिटेड को किसी बड़े ठेकेदार के हाथों सौंपने का काम किया था तब भी मॉयल जनशक्ति मजदूर संघ ने ही न्यायालय का सहारा लिया और ठेका पद्धति पर रोक लगाया। उन्होंने कहा कि मॉयल लिमिटेड में उच्च पदों पर पदस्थ अधिकारियों के बीच गुटबाजी चल रही हैं जिससे मार्यल लिमिटेड को नुकसान हो रहा है। मॉयल कामगार संगठन मार्यल प्रबंधन के साथ मिलकर मॉयल में अनुकंपा नौकरी बंद करने का पूरा प्रयास कर रहा है। क्योंकि मॉयल कामगार संगठन के महामंत्री मॉयल लिमिटेड में अपनी यूनियन को पुनः स्थापित करना चाहते है। मार्यल प्रबंधन के साथ मिलकर कामगार कर्मचारियों के खिलाफ ऐसे षड्यंत्र रचे जा रहे है। इनका मकसद साफ है जो परमानेंट एम्प्लाइज है उसे खत्म करके कंपनी को किसी बड़े ठेकेदार के हाथों सौपना और मॉयल लिमिटेड को प्राइवेट की ओर ले जाना। उनका संगठन इसका पुरजोर विरोध करता है।

# रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड आयोजन 9 से

**बच्चे सीखेंगे नेतृत्व, संवाद, टीम वर्क और आत्मनिर्भरता के गुण, कान्हा में होगा आयोजन**



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

13 से 18 वर्ष के वर्ष के बच्चों में नेतृत्व, व्यक्तित्व विकास और आत्मविश्वास बढ़ाने रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल आगामी 9 जनवरी से 11 जनवरी तक रोटरी यूथ लीडरशिप अवार्ड नाम से कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है। जिसको लेकर आज आयोजित प्रेसवार्ता में रोटरी क्लब के पदाधिकारियों ने जानकारी साझा की। डिस्ट्रिक्ट रायला चेयर रोटे. बलजीत सिंघ छाबड़ा ने बताया कि रोटरी यूथ लीडरशिप अवॉर्ड (रायला) कार्यक्रम का आयोजन कान्हा के सेलिब्रेशन वन विलास में किया जा रहा है। जिसमें देशभर से लगभग 150 बच्चे भाग लेंगे। साथ ही विदेशों से आए प्रतिभागी भी इसमें शामिल होकर इस आयोजन को अंतरराष्ट्रीय स्वरूप प्रदान करेंगे।डिस्ट्रिक्ट मैनेजमेंट टीम से रायला एडवाइजर रोटे. कमलजीत सिंघ छाबड़ा ने बताया कि रोटरी इंटरनेशनल का एक प्रतिष्ठित यूथ लीडरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम है, जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास, आत्मविश्वास, अनुशासन और टीमवर्क, संवाद कौशल व निर्णय क्षमता तथा समाज के प्रति जिम्मेदारी की समझ पैदा करना है। जिस कार्यक्रम में 13 से 18 वर्ष स्कूल, कॉलेज के छात्र, उभरते युवा लीडर्स, ऐसे युवा जो सीखने और आगे बढ़ने की इच्छा रखते है, वे, इसमें शामिल हो सकते है। इस कार्यक्रम में लीडरशिप वर्कशॉप, मोटिवेशनल सेशन्स, पर्सनैलिटी डेवलपमेंट, टीम बिल्डिंग एक्टिविटीज, खेल, समूह चर्चा व प्रैक्टिकल ट्रेनिंग जैसी गतिविधियां होगी। जिसका लाभ युवा पीढ़ी को नेतृत्व कौशल में वृद्धि, आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच, नए मित्र और नेटवर्किंग के रूप में होगा। आयोजन में शामिल होने वाले युवाओं को RYLA प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन रोटरी क्लब ऑफ बालाघाट रॉयल द्वारा क्लब अध्यक्ष रोटे. संदीप असाटी एवं सचिव रोटे. आशीष साहू ने संयुक्त रूप से बताया कि ये कार्यक्रम अनुभवी रोटेरियन एवं विशेषज्ञ के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शामिल होने वाले इच्छुक प्रतिभागी शीघ्र अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते है। प्रतिभागी रजिस्ट्रेशन एवं अधिक जानकारी के लिए बलजीत सिंघ छाबड़ा के मोबाइल नंबर 9407313800 एवं संदीप असाटी के मोबाइल नंबर 9302039025 पर संपर्क कर सकते है।

## >> वर्ष 1979-80 बैच के मित्रों का मिलन समारोह आयोजित
# वर्षों बाद मिले सहपाठी, पुराने दोस्तों को पाकर चेहरों पर लौटी मुस्कान
## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में हुआ आयोजन




**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** वर्षों बाद वर्ष 1979-80 बैच के सभी सहपाठी एक साथ मिले। पुराने दोस्तों के मिलते ही सभी के चेहरों पर मुस्कान लौट गई। इस दौरान सभी ने अपने-अपने अनुभव भी एक-दूसरे से शेयर किए। यह मिलन समारोह शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के सभाहाल में आयोजित किया गया था।

जानकारी के अनुसार वर्ष 1979-80 में कक्षा 11वीं में एक साथ पढ़े करीब 50 पूर्व विद्यार्थी एक मंच पर साथ नजर आए। इस अवसर पर उन्होंने अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। इस आयोजन में न केवल बालाघाट नगर के पूर्व छात्र शामिल हुए, बल्कि विभिन्न राज्यों मसलन दिल्ली, नागपुर, छत्तीसगढ़ सहित अन्य क्षेत्रों में निवासरत पूर्व छात्र भी इस आयोजन में शामिल हुए। मिलन समारोह में कोई अपनी कक्षा की शरारतों को याद करता नजर आया तो कोई खेल मैदान और शिक्षकों की डांट-फटकार को मुस्कान के साथ साझा करता दिखा। लंबे समय बाद मिले मित्रों ने एक-दूसरे से गले लगकर बचपन की दोस्ती को फिर से जीवंत कर दिया। पूर्व छात्रों ने अपने विद्यालयीन दिनों की यादों को साझा किया और पढ़ाई के बाद की जीवन यात्रा, पारिवारिक जिमेदारियों और अनुभवों पर भी चर्चा की।

इस अवसर पर कविता पाठ, गीत गायन और नृत्य प्रस्तुतियों ने माहौल को और भी जीवंत बना दिया। सभी ने मिलकर सामूहिक भोजन किया। कार्यक्रम में उस समय के शिक्षकों को भी विशेष रूप से आमंत्रित कर स मानित किया गया। शिक्षकों के प्रति स मान और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए पूर्व छात्रों ने कहा कि उनके जीवन की नींव इन्हीं शिक्षकों ने मजबूत की है। समारोह के अंत में सभी पूर्व छात्रों ने भविष्य में भी संपर्क बनाए रखने और ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित करने का संकल्प लिया।पूर्व छात्र वेंकटेश कौशिक ने बताया कि मात्र 12 दिन पूर्व ही मित्र मिलन समारोह की तिथि निर्धारित की गई थी, जिसके को बाद सभी साथियों से संपर्क किया गया। इतने कम समय में भी देश के विभिन्न हिस्सों से से साथी यहां पहुंचे। उन्होंने कहा कि विद्यालय आज भी तो अपने मूल स्वरूप में नजर आता है। हालांकि समय के साथ कुछ परिवर्तन हुए हैं, लेकिन कक्षाओं और परिसर को देखकर पुरानी यादें फिर से जीवंत हो गई, जो एक अत्यंत सुखद और भावुक अनुभव रहा।